सुश्री सुमन शर्मा

30 जुलाई, 1967 को जन्मी सुश्री सुमन शर्मा मेरठ विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश से कार्बनिक रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर (कांस्य पदक विजेता) हैं और हल विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम से एम.बी.ए. डिग्री धारक हैं।

सुश्री शर्मा ने ड्यूक विश्वविद्यालय, नॉर्थ कैरोलिना, संयुक्त राज्य अमेरिका से बजट पूर्वानुमान और एम.डी.आई., गुरुग्राम, आई.आई.एम., बैंगलोर और आई.बी.एफ.डी., एम्स्टर्डम, नीदरलैंड में प्रबंधन पाठ्यक्रमों में भी भाग लिया है।

भारतीय राजस्व सेवा (आयकर), 1990 बैच की अधिकारी के रूप में, सुश्री सुमन शर्मा अपने 30 से अधिक वर्ष के शानदार कार्यकाल में आयकर विभाग और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रही हैं। वह अंतरराष्ट्रीय कराधान और ट्रांसफर प्राइसिंग विषयों से करीब से जुड़ी रही हैं। अपने कैडर से बाहर, वाणिज्य मंत्रालय में, उन्होंने अपर महानिदेशक, विदेश व्यापार, नई दिल्ली के रूप में कार्य किया, जहाँ उन्होंने उत्तर भारत में स्थित सभी निर्यातकों के लिए निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं पर कार्रवाई की। उन्होंने नई विदेश व्यापार नीति के निरूपण में भी योगदान दिया।

उन्होंने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम, सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक के रूप में भी कार्य किया। सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, कंपनी का अभूतपूर्व विकास हुआ और उसने 'मिनी रत्न' का दर्जा भी प्राप्त किया। सुश्री शर्मा ऊर्जा क्षेत्र में नीतिगत सुधारों से संबंधित विभिन्न समितियों की सदस्य भी रहीं।

सुश्री शर्मा भारतीय प्रबंधन संस्थान, तिरुचिरापल्ली की बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की सदस्य भी रहीं। उन्होंने 25.05.2023 को संघ लोक सेवा आयोग में पूर्णकालिक सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया है।